

# पंचदश बिहार विधान सभा

## षोडश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-23 बृहस्पतिवार, दिनांक-16 अप्रील, 2015 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.20 बजे अपराह्न तक ।**

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 09 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1576, ग्रामीण विकास विभाग में स्थानान्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1580, नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानान्तरित ।

(v) 01 तारांकित प्रश्न सं०-1581 स्थगित ।

(vi) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(vii) 46 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

कार्यस्थगन की सूचना अंतर्गत मा० सदस्य श्री प्रेम कुमार द्वारा दिए गए कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किये जाने की घोषणा आसन से की गयी ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री ललन राम

(ii) श्री संजय सिंह (टाइगर)

(iii) श्री प्रदीप कुमार

(iv) श्री प्रेम कुमार

(v) श्रीमती पूनम देवी यादव

(vi) श्री तारकिशोर प्रसाद

(vii) श्री भाई वीरेन्द्र

(viii) श्रीमती भागीरथी देवी

''माननीय सदस्य श्री प्रेम कुमार एवं श्री भाई वीरेन्द्र के शून्यकाल की सूचना पर आसन के निदेश के उपरांत माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी तथा श्री राजीव रंजन सिंह द्वारा सरकार की ओर से वक्तव्य दिया गया ।''

[4] **प्रस्ताव :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली में आचार समिति के नियम-292 'ज' के रूप में जोड़ने हेतु संशोधन के प्रस्ताव से संबंधित नियम समिति के प्रतिवेदन को जो दिनांक 25.03.2015 को सदन के पटल पर रखा गया था को बिहार विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य-संचालन नियमावली में अंगीकार करने हेतु सदन को सहमति हुई ।

[5] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

(i) माननीय प्रभारी मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 के बाल कल्याण योजनाओं के लिए बजट प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(ii) माननीय प्रभारी मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 के परिणाम बजट की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(iii) माननीय प्रभारी मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 के जेण्डर बजट प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(iv) माननीय प्रभारी मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा वित्तीय वर्ष 2004-05, 2005-06, 2007-08 एवं 2008-09 के अधिकाई व्यय विवरणी को उपस्थापित किया गया ।

[6] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य डा० प्रमोद कुमार सिंह एवं श्री अनिरूद्ध प्रसाद यादव का श्रम संसाधन विभाग से संबंधित एवं दिनांक-20.03.2015 तथा 27.03.2015 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री श्री दुलालचन्द्र गोस्वामी द्वारा दिया गया ।

''इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा बार-बार विपक्ष के माननीय सदस्यों से शांत रहने तथा अपनी सीट पर जाने का अनुरोध किया जाता रहा किन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही 2.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।''

**भोजनावकाश के बाद**

**समय 2.00 बजे अप० से 6.05 बजे अप० तक ।**

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[7] **वित्तीय कार्य :-**

**वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदान की माँगों (उर्जा विभाग, समाज कल्याण विभाग तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग) पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, उर्जा विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा उर्जा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री विनोद नारायण झा द्वारा उर्जा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया एवं अपना पक्ष रखा गया ।

(इस अवसर पर मा० अध्यासी सदस्या श्रीमती गुड्डी देवी द्वारा आसन ग्रहण किया गया)

वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह
(ii) श्री रामायण मांझी
(iii) श्रीमती उषा सिन्हा
(iv) श्री ललित कुमार यादव
(v) श्री मनीष कुमार
(vi) श्री विक्रम कुँवर
(vii) श्री ऋषि मिश्रा
(viii) श्री मो० जावेद

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(ix) श्री राम सूरत राय

माननीय मंत्री, श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा अनुदान की मांग पर हुए वाद-विवाद पर सरकार की ओर से उत्तर दिया गया ।

"उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।"

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री विनोद नारायण झा का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा उर्जा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

तत्पश्चात् शेष अनुदान की मांगें बारी-बारी से गिलोटिन (मुखबंध) द्वारा सदन से स्वीकृत हुआ ।

"भाजपा के माननीय सदस्यगण पुनः सदन में आ गए ।"

**[8] <u>विधायी कार्य :-राजकीय (वित्तीय) विधयेक-</u>**

**(i) <u>बिहार विनियोग (संख्या-2) विधयेक, 2015</u> :-**

माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विधेयक पर विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरांत खंडशः विचार के क्रम में बारी-बारी से सभी खंड विधयेक के अंग बने ।

माननीय मंत्री, वित्त विभाग द्वारा विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विधेयक के स्वीकृति के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री रामेश्वर पासवान (ii) श्री रामेश्वर प्रसाद

माननीय मंत्री, वित्त विभाग द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

विधेयक ध्वनिमत से सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

**(ii) <u>बिहार वित्त विधयेक, 2015</u> :-**

माननीय मंत्री, वित्त, श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा सदन की अनुमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री विनोद नारायण झा द्वारा विधेयक को प्रवर समिति को सौंपने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ ।

विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरांत खंडशः विचार के क्रम में विधेयक के खंड-9 के उपखंड-2 में माननीय सदस्य श्री विनोद नारायण झा द्वारा दिया गया संशोधन उनके द्वारा वापस लिया गया तथा विधेयक के सभी खंड बारी-बारी से विधयेक के अंग बने ।

माननीय मंत्री द्वारा विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री विनोद नारायण झा द्वारा विधेयक की स्वीकृति के प्रस्ताव पर पक्ष रखा गया ।

माननीय मंत्री द्वारा इस पर सरकार का पक्ष रखा गया ।

विधेयक ध्वनिमत से सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

**[9] <u>निवेदन</u> :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल-04 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तदोपरांत सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक- 17 अप्रील, 2015 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिये स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-16 अप्रील, 2015

**हरेराम मुखिया**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।